हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

11 डीएपी और यूरिया से भरे पड़े गोदाम, बेवजह कमी दिखाकर...




12 स्वच्छता सर्वेक्षण में फतेहाबाद 1372 से 70वें स्थान पर पहुंचा...



## खबर संक्षेप

### बुजुर्गों के लिए फ्री मेडिकल कैंप 19 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरिष्ठ नागरिक परिषद के तत्वाधान में नागरिक अस्पताल फतेहाबाद के सीएमओ कार्यालय द्वारा जुलाई माह का निशुल्क मेडिकल चैकअप कैम्प 19 जुलाई शनिवार को बाल भवन फतेहाबाद में प्रातः 9 बजे से प्रधान ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में लगाया जाएगा।

### व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह 21 से 25 तक

**फतेहाबाद।** रोजगार निदेशालय, हरियाणा के आदेशानुसार जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 21 जुलाई से 25 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। डॉ. राजेश कुमार दुहन ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### रेलवे ट्रेक पार करते समय बुजुर्ग की मौत

**फतेहाबाद।** जिले के जाखल क्षेत्र में हुए रेल हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। वह रेलवे ओवरब्रिज के पास दिल्ली से जाखल जाने वाली रेलगाड़ी की चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही जाखल रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 60 वर्षीय सुरजीत सिंह के रूप में हुई है।

### जिला बॉक्सिंग के लिए ट्रायल आज

**सिरसा।** शहीद भगत सिंह, स्पोट्र्स कॉप्लेक्स में सब जूनियर लडक़े/लड़कियों की बॉक्सिंग डिस्ट्रिक्ट के ट्रायल्स आगामी 18 जुलाई को सुबह 9 बजे लिए जाएंगे।

## 12 विधायकों की हाई पावर कमेटी आज फतेहाबाद में

# शहर में दूषित पेयजल वाले क्षेत्रों में विजिट करेगी कमेटी : विधायक

### अशोक नगर, चिल्ली झील और शहर में दूषित पेयजल वाले क्षेत्रों का किया जाएगा निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में दूषित पेयजल आपूर्ति और सीवरेज प्रणाली में खामियों के मद्देनजर सरकार द्वारा गठित हाई पावर कमेटी शुक्रवार को फतेहाबाद में विजिट करेगी। इस कमेटी में पक्ष और विपक्ष के 12 विधायक शामिल हैं। यह विधायक उच्चाधिकारियों के साथ फतेहाबाद में हो रही दूषित पेयजल सप्लाई व जगह-जगह ठप सीवरेज प्रणाली का निरीक्षण करेंगे। इस बाबत हरियाणा विधानसभा सचिवालय ने जिला उपायुक्त को पत्र जारी कर सूचना दी है।

इस कमेटी में फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया भी शामिल हैं। बताया गया है कि यह कमेटी पब्लिक हैल्थ द्वारा आधे अधूरे छोड़े गए प्रोजेक्ट और बरसों से अधर में लटके चिल्ली झील के सौंदर्यकरण, बरसाती पानी की निकासी व बरसात के दिनों में शहर की विभिन्न कालोनियों में होने वाली जलभराव की समस्या को लेकर गहन मंत्रणा करेंगे। हरियाणा विधानसभा की जनस्वास्थ्य व सिंचाई विभाग से संबंधित सब्जेक्ट कमेटी फतेहाबाद में जलभराव वाले क्षेत्रों व दूषित पेयजल प्वाईंट का सर्वे करेगी। कमेटी के चेयरमैन एवं हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ.कृष्ण लाल मिड्ढा और सदस्य फतेहाबाद में पब्लिक हेल्थ विभाग के प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण करेंगे। इस कमेटी में सदस्य विधायक मोहम्मद इलियास, विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक नरेश सेलवाल, विधायक कपूर सिंह, विधायक सतीश कुमार फागना, विधायक सतपाल जांबा, विधायक मोहम्मद इसराइल, विधायक चौ. मम्मन खान के अलावा विशेष तौर पर फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, विधायक बिमला चौधरी व विधायक मंजू चौधरी भी मौजूद रहेंगे।



फतेहाबाद। अशोक नगर में सडक़ों पर बहता सीवरेज का गंदा पानी।

### सर्वे कर हरियाणा सरकार को देंगे रिपोर्ट

विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने देते हुए बताया कि पब्लिक हेल्थ के चंडीगढ़ के शीर्ष अधिकारी व सब्जेक्ट कमेटी के सदस्य शुक्रवार दोपहर 2 बजे के बाद शहर में होने वाले जलभराव व दूषित पेयजल साईट का सर्वे कर हरियाणा सरकार को रिपोर्ट देंगे। विधायक ने बताया कि ब्रहमकुमारी आश्रम व जवाहर चौक में जलभराव स्थल व थाना रोड एवं अल्फा सिटी में दूषित पेयजल को लेकर सर्वेक्षण किया जाएगा। विधायक बलवान सिंह के प्रयासों से पहली बार उच्चस्तरीय टीम फतेहाबाद में आ रही है। अगर इस टीम को मामला समझ आ जाता है और उसका हल निकल जाता है तो कमेटी का यह दौरा शहरवासियों के लिए वरदान साबित हो सकता है।

### चिल्ली झील का काम बरसों से अटका पड़ा

शहरवासियों में भी इस हाई पावर कमेटी के फतेहाबाद आगमन को लेकर काफी उत्सुकता पाई जा रही है। दरअसल शहर की कोई कालोनी ऐसी नहीं है, जहां सीवरेज प्रणाली दुरूस्त हो। हर जगह दूषित पेयजल की सप्लाई हो रही है। चिल्ली झील का काम बरसों से अटका पड़ा है। नगरपरिषद और पब्लिक हैल्थ के पास चिल्ली झील के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट आ चुका है लेकिन इस बजट को अन्य जगह खर्च कर दिया जाता है। अशोक नगर में सीवरेज के ओवरफ्लो होने की समस्या को लेकर आम नागरिक तो क्या, पार्षद तक धरना लगा चुके हैं। अशोक नगर से माजरा रोड सहित 20 गांवों को जाने वाली सडक़ पर तीन साल से सीवरेज का पानी भरा हुआ है। इस बारे में डीसी से लेकर नगरपरिषद, पब्लिक हैल्थ अधिकारियों तक, कोई भी सीरियस नहीं ले रहा। शहरवासी कष्ट निवारण समिति, सीएम विंडो तक अपनी शिकायत भेज चुके हैं।

# दड़बा कलां के पास सेमनाले में रिसाव

- लगातार बढ़ रहा जलस्तर बना खतरा
- सेमनाले के तटबंध मजबूत करने में महिलाएं भी जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

चोपटा क्षेत्र से गुजरने वाले हिसार घग्गर मल्टीपरपज ड्रेन सेमनाले में चोपटा और दड़बा कलां के बीच सिरसा-भादरा रोड के पास अचानक पानी का रिसाव शुरू हो गया। तटबंध में आई दरार को भरने के लिए प्रशासन के साथ ग्रामीणों व मनरेगा मजदूरों की मदद से दरार को बांधा गया। लगातार पानी के बढ़ते दबाव से तरकावाली, शाहपुरिया व शक्कर मंदोरी गांवों में सेमनाले के तटबंध टूटने का खतरा अभी भी बना हुआ है। प्रशासन के साथ-साथ मनरेगा मजदूर तथा ग्रामीण भी अपने स्तर पर सेमनाले के तटबंध मजबूत करने में जूटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार हिसार घग्गर मल्टीपरपज ड्रेन सेमनाला गुरुवार को गांव दड़बा कलां व चौपटा के बीच सेमनाला में लीकेज हो गई। हालांकि इसे मजदूरों की सहायता से लीकेज को रोक दिया गया। मगर अब भी सेमनाला के टूटने का खतरा बना हुआ है, क्योंकि पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है। दड़बा कलां की ढाणी में रहने वाले श्रवण कुमार जाखड़, महेंद्र सिंह, जगदीश खैलरी, कृष्ण कुमार ने बताया की सेम नाले में लगातार जलस्तर बढ़ रहा है। इससे रात दिन इसके टूटने का खतरा रहा है।



सिरसा। दड़बा कलां के पास सेमनाले में आई दरार को बांधते ग्रामीण व कर्मचारी।

## पुलिस की नशा तस्करी पर कार्रवाई

# दस लाख की हेरोइन बरामद

- पंजाब का नशा तस्कर डबवाली में करता था नशा सप्लाई, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

पुलिस ने डबवाली क्षेत्र से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर करीब दस लाख रुपये की 262 ग्राम हेरोइन पकड़ी है। तस्कर पंजाब से हेरोइन लाकर हरियाणा के डबवाली क्षेत्र में खपत करता था। पुलिस ने गुप्त सूत्रों से मिली सूचना पर जाल बिछाकर डबवाली क्षेत्र से तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी कपिल अहलावत ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा क्षेत्र में नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए लगातार नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़े लोगों को जेल की सलाखों के पीछे डाला जा रहा है। तस्करों के नेटवर्क को तोड़ा जा रहा है। कपिल अहलावत ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी कुलदीप सिंह उर्फ विक्की पंजाब क्षेत्र से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लाता है। सूचना के अनुसार आरोपी आज भी नशा तस्करी करने के लिए डबवाली में आने वाला था। सूचना मिलते ही पुलिस ने नाकाबंदी शुरू की और आरोपी को दबोच लिया।



सिरसा। पकड़ा गया हेरोइन तस्कर।

### 8 किलो चूरापोस्त सहित दो युवक गिरफ्तार

**रानियां।** पुलिस ने नशा तस्करों पर नकेल कसते हुए रानियां कस्बे के गांव नकौड़ा क्षेत्र से बुलेट मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को आठ किलो 162 ग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल को भी अपने कब्जे में ले लिया है। रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने वीरवार को बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की एक टीम गांव नकौड़ा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान घग्घर बांध के निकट बुलेट मोटरसाइकिल पर दो शख्स आते दिखाई दिए जो कि पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल को तेज गति से भगाने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर उनका पीछा किया और दोनों को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 8 किलो 162 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ।

CC

Rera Registration No.:
HRERA-PKL-SRS-679-2025
https:/haryanarera.gov.in/Projects

SHREEMAT
CITY CENTRE
SIRSA

LUXURY COMMERCIAL
AND RETAIL SPACES
IN THE HEART OF SIRSA

BOOKINGS OPEN

OWN 100%
CUSTOMIZABLE
LUXURY SPACES

18 MTR. WIDE ROAD IN CENTER | THREE SIDE OPEN LOCATION | DUAL FRONTAGE SPACES

3000000+ SQ.FT. ALREADY DELIVERED | 3 DECADES OF LEGACY

SCAN FOR LOCATION
SHREEMAT TEXWORTH PRIVATE LIMITED
Address: Dabwali Road, Sirsa-125055 (Haryana) India | Web: www.shreematsirsa.com

800 700 6006

T&C APPLY*

Disclaimer: All specification, elevation, visuals, images, plans, design and color schemes are purely conceptual and are just as artistic impression and not a legal offering. The company reserves the right to make changes in the plans, specifications, dimensions and elevations without any notice. 1 Square Meter=10.764 Square Feet.



## खबर संक्षेप

### फतेहाबाद में बिजली अदालत आज

**फतेहाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा फतेहाबाद में 18 जुलाई शुक्रवार को सुबह 11 बजे बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता संदीप मेहता ने बताया कि यह बिजली अदालत प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक भट्टू रोड, मिनी बाईपास के पास, 132 केवी पॉवर हाऊस में स्थित एसई ऑपरेशन सर्कल, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

### दुकान से लाखों का सामान चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव ओटू में एक सबमर्सिबल मोटरों की दुकान से चोर लाखों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव ओटू निवासी निर्मल सिंह ने बताया कि वह गांव में ही सेंट्रल बैंक के सामने मै. राजा साहिब सबर्सिबल स्टोर के नाम से दुकान करता है। सांय को वह अपनी दुकान बंद करके घर चला गया। देर रात्रि को चोरों ने दुकान में घुसकर 15-20 पुरानी सबमर्सिबल मोटरों दुकान से चोरी कर पिकअपन में डालकर ले गए। सुबह उसे घटना का पता चला।

### बाइक चोरी के मामले में दो आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** सरकारी अस्पताल भुना से हुई बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। काबू किए गए आरोपियों की पहचान काला राम पुत्र पाला राम तथा मनीराम उर्फ मानी पुत्र चरणा राम, निवासी टिब्बी हरिसिंह वाली, जिला मानसा (पंजाब) के रूप में हुई है। थाना भुना के प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि इस संबंध में 8 मई को पवन धारणिया पुत्र हवा सिंह, निवासी नाढ़ौड़ी, फतेहाबाद ने एक शिकायत दर्ज करवाई थी।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित दो दबोचे

**सिरसा।** खाजाखेड़ा रोड पर चैकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो युवकों को काबू किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान राजस्थान निवासी हनुमान व दिनेश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम खाजाखेड़ा रोड पर शाम को नाका लगाकर वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए। पुलिस टीम ने शक के आधार पर दोनों को काबू कर मोटरसाइकिल के कागजात मांगे, लेकिन युवक कोई संतुष्टिजनक जवाब नहीं दे पाए।

### घर में सेंध लगाकर चोरी करने का आरोपी दबोचा

**सिरसा।** नाथूसरी चौपटा पुलिस ने गांव चाहरवाला में एक घर में सेंध लगाकर नगदी व घरेलू सामान चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए चोपटा क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक हजार रुपये की चोरीशुदा राशि भी बरामद की है। चोपटा थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान सचिन के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में गांव चाहरवाला निवासी संदीप कुमार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**सिरसा।** गृह मंत्रालय की ओर से गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। नामांकन/अनुशंसा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक है। 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए प्रदान किए जाते हैं।

---

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की टीम ने फतेहाबाद अनाज मंडी में की चैकिंग

# डीएपी और यूरिया से भरे पड़े गोदाम, बेवजह कमी दिखाकर किसानों को लूटा जा रहा : मनदीप

- गोदामों में हजारों बैग डीएपी और यूरिया भरी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद






**फतेहाबाद।** अनाज मंडी में खाद के गोदामों को चैक करते पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की टीम।

एक तरफ किसान जहां डीएपी खाद और यूरिया के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं वहीं दूसरी ओर निजी खाद विक्रेताओं के गोदाम खाद और यूरिया के बैगों से भरे पड़े हैं। इसका खुलासा वीरवार को पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की टीम द्वारा फतेहाबाद में विभिन्न खाद विक्रेताओं के गोदामों का किए गए निरीक्षण के दौरान हुआ। किसान संघर्ष समिति की टीम ने आज प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान के नेतृत्व में अनाज मण्डी स्थित अनेक खाद विक्रेताओं के गोदामों में जाकर वहां रखे स्टॉक को चैक किया।

इस दौरान उनके साथ कृषि विभाग से क्यूसीआई जयबीर भी मौजूद रहे। किसान संघर्ष समिति की टीम ने अनाज मण्डी में करीब 8 विक्रेताओं के गोदामों को चैक किया और पाया कि इन गोदामों में करीब 10 हजार बैग यूरिया और 3 हजार बैग डीएपी के रखे हुए थे। इस दौरान किसान नेताओं ने खाद और यूरिया के साथ किसानों को जबरदस्ती दूसरे प्रोडक्ट खरीदने के लिए मजबूर करने की भी कड़े शब्दों में निंदा की और इस पर तुरंत रोक की मांग की।

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान ने कहा निजी खाद व्यापारी कृषि अधिकारियों की शह पर दोनों हाथों से किसानों को लूटने में लगे हैं। उनके गोदामों में यूरिया और डीएपी खाद भरी पड़ी है लेकिन व्यापारी बेवजह इसकी कमी दिखाकर किसानों को नहीं दे रहे।

उन्होंने कहा कि इस समय किसानों को डीएपी और यूरिया की बेहद आवश्यकता है लेकिन अधिकारियों को किसानों की समस्या की कोई परवाह नहीं है और वह अपने दफ्तरों में बैठकर सारा तमाशा देख रहे हैं। मनदीप नथवान ने कहा कि कम्पनियां दुकानदारों को खाद व यूरिया के साथ दूसरे प्रोडक्ट देती है तो दुकानदार भी आगे जबरदस्ती किसानों को यह प्रोडक्ट लेने के लिए मजबूर करता है।

यह प्रोडक्ट न लेने पर किसानों को खाद व यूरिया नहीं दी जाती जबकि यह प्रोडक्ट किसानों के किसी काम के नहीं होते। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से किसानों के साथ हो रही इस लूट पर तुरंत रोक लगाते हुए ऐसे व्यापारियों पर लगाम कसने की मांग की। इसके अलावा नियमानुसार किसानों को डीएपी और यूरिया खाद उपलब्ध करवाने की भी मांग उठाई। किसान संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि अगर किसानों के साथ जल्द यह लूट बंद नहीं हुई और पर्याप्त मात्रा में खाद व यूरिया नहीं दिया गया तो किसान जल्द ही कृषि विभाग के दफ्तर का घेराव करेंगे। इस अवसर पर किसान नेता सुखदीप रंधावा, अर्शदीप सिंह, मलकीत उप्पल, रविन्द्र हिजरावां, लवी बाठ, अमन बाठ, भूपेन्द्र रंधावा, सुरेश गढ़वाल भी मौजूद रहे।

---



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एडीसी अनुराग ढालिया।

# अवैध निर्माण पर एडीसी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

- समाधान शिविर में नागरिकों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

लघु सचिवालय में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों पर चर्चा की गई। शिविर में एडीसी अनुराग ढालिया ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों को समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रदान करना है। एडीसी ने समाधान शिविर में फतेहाबाद निवासी सुनीता की लोन न मिलने की शिकायत पर एलडीएम को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ढांड निवासी विक्रम कुमार की पीपीपी में शादीशुदा न होने, बरसीन निवासी ताराचंद की राशन कार्ड कटने, ओमपति की पीपीपी में ज्यादा इनकम होने व युवराज की पेंशन बनवाने की शिकायत पर एडीसी ने क्रिड विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने भोडिया खेड़ा निवासी रमेश कुमार की अवैध निर्माण शिकायत पर जिला नगर योजनाकार व भूना निवासी अशोक कुमार की अवैध कब्जे की शिकायत पर डीएमसी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीडीपीओ अनूप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

---

### अभोली में महिलाओं को किया जागरूक

**रानियां।** गांव अभोली में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग की सुपरवाइजर सुंदर रानी ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि बेटा बेटी एक समान है। इस प्रोग्राम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत गांव की महिलाएं, आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, ए.एन.एम. व आंगनवाड़ी हेल्पर ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सुंदर रानी ने ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ ग्रहण करवाई और बेटा बेटी एक समान के बारे में जागरूक किया करते हुए आम जनता से लिंगानुपात बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि यदि गिरते हुए लिंगानुपात को नहीं रोका तो भविष्य में हम एक संतुलित समाज की कल्पना नहीं कर सकते। जब संतुलन बिगड़ा है, तो नुकसान होना पक्का होता है अर्थात अपराध को बढ़ावा मिलेगा।



**रानियां।** ग्रामीणों को जागरूक करती टीम।



**सिरसा।** कालांवाली नगरपालिका के नवनिर्वाचित प्रधान व वार्ड पार्षद।

### नपा प्रधान व वार्ड सदस्यों को दिलाई शपथ

**सिरसा।** उपमंडल कार्यालय कालांवाली में वीरवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कालांवाली नगरपालिका के नवनिर्वाचित प्रधान, वार्ड सदस्यों व मनोनीत सदस्य को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। एसडीएम कालांवाली मोहित कुमार ने प्रधान महेश कुमार व नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों और मनोनीत सदस्य पूर्ण चंद नागर को शपथ दिलाई। इस दौरान सिरसा लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा व कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला सहित अन्य गणमान्य व अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कालांवाली नगरपालिका के प्रधान व 16 वार्ड सदस्य पद के लिए चुनाव हुए थे, जिसमें प्रधान पद के लिए महेश कुमार, वहीं वार्ड नंबर एक से मंगत राम, वार्ड नंबर दो से ज्योति, वार्ड तीन से पूजा रानी, वार्ड चार से सुनील कुमार, वार्ड पांच से किरणदीप कौर, वार्ड छः से अमन जैन, वार्ड सात से ज्योति, वार्ड आठ से मधु, वार्ड नौ से दिनेश सिंगला , वार्ड 10 से सिकंदर सिंह वार्ड सदस्य पद के लिए निर्वाचित हुए थे।

### जाखल में निकाली जागरूकता रैली

**फतेहाबाद।** महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरजीता कुमारी के दिशा-निर्देशानुसार अनुसार जाखल गांव में महिला एवं बाल विकास विभाग की स्थानीय टीम द्वारा स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। 'कन्या भ्रूण हत्या पाप है', 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे प्रभावशाली नारे लगाकर आमजन को प्रेरित किया गया। सुपरवाइजर मनीषा रानी ने बताया यह रैली इस उद्देश्य से आयोजित की गई कि जाखल गांव का लिंगानुपात अन्य गांवों की तुलना में काफी कम है, जो कि अत्यंत खेदजनक एवं चिंता का विषय है। विभाग द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए ग्रामीण समुदाय को बेटियों के संरक्षण व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की पहल की गई।




**फतेहाबाद।** जाखल में जागरूकता रैली निकालती महिलाएं।




**सिरसा।** विभिन्न खिताबों से नवाजे गए विद्यार्थी।

### लॉर्ड शिवा कालेज में विदाई समारोह आयोजित

**सिरसा।** लॉर्ड शिवा कालेज आफ फार्मेसी में बी.फार्मा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि संस्था के महानिदेशक देशकमल बिश्नोई थे। मुख्यातिथि ने बीफार्म अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को उनके सफलता पूर्वक कोर्स करने पर बधाई दी और कहा कि उन्हें भविष्य में सदैव मेहनत करते रहना चाहिए क्योंकि कड़ी मेहनत ही विद्यार्थी को आगे बढने में सहायता करती है। संस्था के महासचिव सोमप्रकाश एडवोकेट ने कहा कि सभी को अनुशासन में रहते हुए पूर्ण निष्ठा और सेवा भाव के साथ मानवता की सेवा करनी चाहिए। संस्था के उपाध्यक्ष इंजीनियर लोकेश बिश्नोई ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रवक्ता विष्णु शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बी.फार्म पांचवे सेमेस्टर की मुस्कान ने राजस्थानी डांस प्रस्तुत किया।

### ऐलावादी पुनः बने अरोड़ा एकता परिवार के प्रधान



**सिरसा।** अखिल भारतीय अरोड़ा एकता परिवार की नई कार्यकारिणी गठन के लिए बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से भारत भूषण ऐलावादी को आगामी दो वर्षों के लिए पुनः प्रधान चुना गया। परिवार के प्रधान महासचिव सतीश सचदेवा, महासचिव रोबिन वधवा, नरेश बजाज, अमित गाबा, नीरज गाबा ने संयुक्त रूप से बताया कि अखिल भारतीय अरोड़ा एकता परिवार की कार्यकारिणी का चुनाव हर दो वर्ष बाद किया जाता है तथा नई कार्यकारिणी का कार्यकाल 1 अगस्त से शुरू होता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए प्रधान भारत भूषण ऐलावादी ने कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व ही कार्यकारिणी को भंग करने का प्रस्ताव रखा जिसे स्वीकार कर सभी अधिकार मुख्य सरंक्षक सुरेंद्र मोहन खुराना को सौंप दिए। उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों की आम सहमति से भारत भूषण ऐलावादी को पुनः दो वर्ष के प्रधान पद का कार्यभार सौंप दिया तथा कार्यकारिणी के विस्तार का अधिकार भी उन्हें सौंप दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रधान ने कहा कि इस समय समाज के सामने राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर व स्थानीय स्तर पर अनेक चुनौतियां है, जिनका हम मिलकर ही मुकाबला कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, वे अपनी क्षमता के अनुसार इन जिम्मेदारियों को निभाएंगे। इस अवसर पर कार्यकारी प्रधान सतबीर सिंह धमीजा, डॉ. राजेश बांगा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरजिंद्र खुराना, सतीश मक्कड़, रमेश अरोड़ा, उपाध्यक्ष दीदार सिंह तिन्ना, राजकुमार भाटिया, संगठन सचिव कृष्ण अरोड़ा, ओम प्रकाश ग्रोवर, रविकुमार कुकड़, युवा प्रधान ऋषि ऐलावादी, परविंद्र ठठई, अशोक कुमार खेत्रपाल आदि सदस्य मौजूद थे।

### सीडीएलयू ने पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की पहली मेरिट सूची की जारी

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के स्नातकोत्तर सत्र के विभिन्न पाठ्यक्रमों की पहली मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई। शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रोफेसर सुरेश गहलावत ने गुरुवार को बताया की यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स के विभिन्न पाठ्यक्रमों के एम कॉम प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 83.67 प्रतिशत रही व न्यूनतम 55.97 प्रतिशत रही। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार एमसीए प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 91.6 प्रतिशत रही व न्यूनतम 68.11 प्रतिशत रही। इसी प्रकार एमएससी आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 92.16 प्रतिशत रही व न्यूनतम 60.17 प्रतिशत रही। इसी प्रकार एम टेक पार्ट टाइम ढाई वर्ष प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 82.13 प्रतिशत रही व न्यूनतम 56.75 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा की एमपीए म्यूजिक वोकल प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 81.06 प्रतिशत रही व न्यूनतम 54.44 प्रतिशत रही। एमपीए म्यूजिक इंस्ट्रुमेंटल प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 81.14 प्रतिशत रही व न्यूनतम 77.28 प्रतिशत रही। एम लिब साइंस प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 81.48 प्रतिशत रही व न्यूनतम 63.06 प्रतिशत रही। एमए साइकोलॉजी प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 88.81 प्रतिशत रही व न्यूनतम 52.72 प्रतिशत रही। एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 84.41 प्रतिशत रही व न्यूनतम 55.74 प्रतिशत रही। एम एस सी फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 93.78 प्रतिशत रही व न्यूनतम 63.3 प्रतिशत रही। एमए जियोग्राफी प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 97.86 प्रतिशत रही व न्यूनतम 73.82 प्रतिशत रही। एमए इकोनॉमिक्स प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 91.19 प्रतिशत रही व न्यूनतम 55.42 प्रतिशत रही। एमबीए प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 95.9 प्रतिशत रही व न्यूनतम 56.17 प्रतिशत रही।

### सीनियर सिटीजन ट्रस्ट के सदस्यों ने किया पौधरोपण

**रतिया।** सिनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट के नेतृत्व में आज पौधारोपण की शुरुआत की गई। परियोजना अधिकारी गोपाल चंद कुलरियां एवं गगन स्वरूप मंगला ने बताया कि निर्माणाधीन सीनियर सिटीजन होम के प्रांगण में सभी सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप में मिलजुल कर आज 50 फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। प्रधान बिक्कर सिंह एडवोकेट ने कहा कि बिमारियों से बचाव एवं वातावरण की शुद्धता के लिए प्रत्येक व्यक्ति को हर साल एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और लगाकर संभाल भी करनी चाहिए। इस अवसर पर तेजिन्द्र सिंह औजला, शिश्न पाल मंगला, गगन स्वरूप मंगला, राम पाल जिंदल, पवन कुमार साबुन फैक्ट्री वाले, गुरनाम सिंह तेलीवाड़ा, मा: मेजर सिंह, धर्म पाल कानूनगो, इश्वर दास अरोड़ा, जय देव गुप्ता आदि सदस्य मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### प्रो. विक्रम सिंह निदेशक नियुक्त



**सिरसा।** चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के कुलपति विजय कुमार ने कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. विक्रम सिंह को विश्वविद्यालय आईटी, डेटा एंड कंप्यूटर सेंटर का निदेशक नियुक्त किया है। इस सन्दर्भ में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अशोक कुमार द्वारा अधिसूचना जारी की गई। ल्लेखनीय है की विक्रम सिंह पिछले दो दशक से अधिक समय से सीडीएलयू से एसोसिएटेड हैं और अनेक विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक परिषद एवं कार्यकारी परिषद के सदस्य रह चुके हैं। वे एक अनुभवी शैक्षणिक और शोधकर्ता हैं, जिन्होंने कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में देश-विदेश में पहचान बनाई है।

### रॉबिन ने किया वर्ल्डकप ताईक्वांडो में भारत का प्रतिनिधित्व

**सिरसा।** शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज, सिरसा के बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र रॉबिन बराला ने दक्षिण कोरिया के चुनचॉन शहर में 9 से 13 जुलाई 2025 तक आयोजित वर्ल्ड कप ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश का नाम रोशन किया। वर्ल्ड ताइक्वांडो फेडरेशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विश्व भर के शीर्ष खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत की ओर से 13 खिलाड़ियों की टीम, जिसमें 7 पुरुष और 6 महिला खिलाड़ी शामिल थे, ने इस आयोजन में भाग लिया। रॉबिन बराला इस गौरवमयी टीम का हिस्सा बनकर सिरसा जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले गए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिलावर सिंह ने रॉबिन की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि रॉबिन की इस ऐतिहासिक सफलता से सिद्ध होता है कि अनुशासन, समर्पण और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के साथ युवा किसी भी क्षेत्र में शिखर छू सकते हैं।

### हत्या मामले में सील मकान में चोरों ने लगाई सेंध

**सिरसा।** सिरसा की मीरपुर कॉलोनी में हत्या मामले में सील किए गए एक मकान में सेंध लगाकर चोर घरेलू सामान चुरा ले गए हैं। बताया जा रहा है कि पहले चोरों ने रेकी की और रात को घटना को अंजाम दिया। आस पड़ोस के लोगों ने मकान का गेट खुला देखा तो इसकी जानकारी गांव के सरपंच को दी गई। सरपंच ने मौके पर पहुंच कर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना मिलने पर मृतका आरती के परिजन भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उनकी निगरानी में घर का सामान खंगाला तो पता चला कि काफी सामान चोरी हो गया। मृतका की बूटीक से भी सामान चोरी मिला। मृतका के पिता ने वीरवार को बताया कि वह कुछ पहले स्कूटी, बाइक व बच्चों की ड्रेस और अन्य जरूरत का सामान ले गए थे। पुलिस जांच के चलते यहां पर कोई नहीं रह रहा था। उन्होंने पुलिस से मांग की कि अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और सामान बरामद करवाया जाए।

### समाधान शिविरों में आई 26 शिकायतें

**सिरसा।** जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनी। वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में कुल 26 शिकायतें आई। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जन समस्याओं के निवारण में सशक्त माध्यम बन रहा है। इसलिए अधिकारी इन शिविरों में आने वाली शिकायतों को निवारण प्राथमिकता के आधार पर करवाएं तथा शिकायतकर्ता को भी संतुष्ट करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के प्रति संबंधित विभाग जवाबदेह है और समयबद्ध ढंग से समस्या का निराकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की मॉनिटरिंग मुख्यालय स्तर पर की जाती है। इसलिए अधिकारी कार्यवाही करने में त्वरित प्रतिक्रिया दें और समाधान की दिशा में उचित कदम उठाएं। उन्होंने बताया कि जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार व बृहस्पतिवार को सुबह दस से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिसमें कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को प्रशासन के समक्ष रख सकता है।

### छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन

**सिरसा।** खेल विभाग द्वारा एक अप्रेल 2024 एवं उसके बाद की खेल उपलब्धियों के आधार पर नकद इनाम व छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जिला खेल अधिकारी जगदीप ने बताया कि वे खिलाड़ी जिन्होंने एक अप्रेल 2024 या उसके पश्चात राष्ट्रीय या अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता / प्रतिभागी खिलाड़ी है, वे इस योजना के अंतर्गत नकद इनाम व छात्रवृत्ति प्राप्त करने के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और इसके लिए खिलाड़ी वेबसाईट पर जाकर मैनेजमेंट सिस्टम (सीएएमएस) के माध्यम से अपना आवेदन पत्र भर सकते हैं।

---

**अभियान** फतेहाबाद पहुंची महाशक्ति ट्रस्ट की 'नशामुक्त समाज' की मुहिम, योग नगर में कमेटी घोषित

# नशे को त्यागकर खेलों में विश्वभर में हरियाणा का नाम चमका रहे फतेहाबाद के युवा : भवानी

- टीम में शामिल 18 युवा घर-घर जाकर नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** योग नगर में नशामुक्त समाज अभियान के तहत कमेटी घोषित करते ट्रस्ट संस्थापक भवानी सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में शुरू किए गए नशामुक्त समाज अभियान अब फतेहाबाद शहर पहुंच गया है। अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को संगठित कर उनकी टीमें गठित करने के बाद ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में शहरी क्षेत्रों में भी युवाओं की कमेटियां गठित करने का काम शुरू किया गया है। इसकी शुरूआत फतेहाबाद के योग नगर में कमेटी गठन के साथ की गई है।

योग नगर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे भवानी सिंह ने क्षेत्र में नशे के खिलाफ जंग लड़ने के लिए युवाओं की टीम की घोषणा की। इस टीम में 18 युवाओं को शामिल किया गया है जोकि अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर न केवल लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों बारे जानकारी देंगे वहीं नशा करने और बेचने वाले लोगों की पहचान कर उन्हें इस सामाजिक बुराई से दूर करने का भी प्रयास करेंगे।

योग नगर में युवाओं की कमेटी घोषित करते हुए भवानी सिंह ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हरियाणा को नशे जैसी सामाजिक बुराई से आजाद करवाने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। इसके लिए सरकार द्वारा खेलों और खिलाडियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि आज हरियाणा के युवा नशे को त्याग कर विभिन्न खेलों में विश्वभर में प्रदेश का नाम चमकाने का काम कर रहे हैं। सीएम के नशामुक्त हरियाणा के सपने को साकार करने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले फतेहाबाद जिले से जो अभियान शुरू किया गया है, उसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। काफी संख्या में युवाओं ने ट्रस्ट की इस मुहिम से जुडक़र न केवल स्वयं नशे से तौबा की है बल्कि अपने गांव व क्षेत्र में नशा करने वाले दूसरे लोगों को भी जागरूक कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने का काम किया है। उन्होंने फतेहाबाद पुलिस जहां नशे के अवैध धंधे से जुड़े लोगों को पकडक़र सलाखों के पीछे भेज रही है वहीं महाशक्ति ट्रस्ट युवाओं को जागरूक कर उन्हें नशे से दूर करने के प्रयासों में लगा है। उन्होंने शहर के युवाओं से अपील की कि वह ट्रस्ट की इस मुहिम को कामयाब बनाने के लिए इस अभियान से जुड़े और फतेहाबाद शहर को पूरी तरह नशामुक्त बनाने का काम करें।

#### टीम में ये हुए शामिल

योग नगर की 18 सदस्यीय टीम में संदीप कुमार, राहुल लाम्बा, अमन सिंह, अमन गोदारा, अमन बैनीवाल, रोहताश कस्वां, योगेश कुमार, कुलदीप कुमार, अंकुर कादियान, साहिल, रोहित, अमन शर्मा, ब्रह्मपाल, प्रवेश जाखड़, विक्रम छापोला, कमल, चिंटू और किशोरी को शामिल किया गया है।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, मंगत मित्तल, अशोक कुमार नंबरदार, गुरदीप सिंह, राम सिंह पूनिया, अमन, राघव, विक्की, अजीत प्रधान, अनिल कुमार, कृष्ण कुमार, धर्मपाल कम्बोज आदि मौजूद थे।

## संयुक्त एसएमसी का आदेश अव्यवहारिक और अनुचित, शिक्षा विभाग आदेश ले वापस : टुटेजा



फतेहाबाद। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबंधित अखिल भारतीय शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल प्राथमिक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर राज्य चैयरमैन देवेंद्र दहिया और जिला प्रधान विकास टुटेजा की अगुवाई में आज जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई से मिला और उन्हें अपनी मांगों के संबंध में निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा एवं जिला उपायुक्त फतेहाबाद के नाम ज्ञापन दिया। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य कानूनी सलाहकार दलीप बिश्नोई एवं जिला कोषाध्यक्ष पवन चमारखेड़ा ने बताया कि शिक्षा विभाग के नवीनतम आदेशों के अनुसार एक ही कैंपस में चल रहे स्कूलों की संयुक्त विद्यालय प्रबंधन समिति बनेगी। शिक्षा विभाग का यह आदेश अव्यवहारिक एवं अनुचित है, जिससे प्राथमिक विद्यालयों को भविष्य में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि प्राथमिक विद्यालयों के विकास के लिए ग्रांट राशि सीधे एसएमसी के खाते में आती है और अभी भी बहुत से स्कूलों के आचरण एवं वितरण अधिकारी की लापरवाही के कारण प्राथमिक विद्यालयों को मिलने वाली सरकारी ग्रांट लैप्स हो जाती है। इसके अतिरिक्त प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिला उपायुक्त के नाम दिए ज्ञापन के बारे में जिला उपप्रधान राकेश मदान ने बताया कि जिला फतेहाबाद में बीएलओ की ड्यूटी अधिकतर प्राथमिक शिक्षकों की लगाई गई है जबकि प्राथमिक शिक्षकों को पूरा दिन विद्यार्थियों को पढ़ाने कर साथ साथ स्कूल के अन्य कार्य भी स्वयं करने होते हैं और उनका कोई फ्री पीरियड नहीं होता।

# अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान बनी हरियाणा सरकार की दयालु योजना : डीसी

### 1.80 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवार के सदस्यों की मृत्यु, दिव्यांग होने पर मिलेगी आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गरीब परिवारों को समाज की मुख्यधारा से जोडऩा हरियाणा सरकार की पहली प्राथमिकता है। हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु), अंत्योदय परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। दयालु योजना के तहत 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या 70 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग होने पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का क्रियान्वयन हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास द्वारा किया जा रहा है। दयालु योजना पूरी तरह से निशुल्क है। योजना के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र नागरिकों को किसी भी प्रकार की फीस नहीं देनी होती है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि योजना के तहत एफआईडीआर के अनुरूप सत्यापित 1.80 लाख रुपये वार्षिक तक की आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या दिव्यांग होने पर वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य राज्य के पात्र निवासियों को मृत्यु/दिव्यांगता के मामले में सामाजिक और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। दयालु योजना के तहत 6 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु के सदस्यों को इस योजना का लाभ मिलता है।



#### दयालु योजना के तहत कैसे करें आवेदन

दयालु योजना के लिए आवेदन करने के लिए सबसे पहले दयालु योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। होम पेज पर अप्लाई स्कीम के ऑप्शन पर क्लिक करें। फैमिली आईडी नंबर दर्ज करें। गेट ओटीपी के ऑप्शन पर क्लिक करें। अब फैमिली आईडी से रजिस्टर नंबर पर ओटीपी आएगा जिसके बाद ओटीपी दर्ज कर वेरीफाई करें। अब आपके सामने आवेदन फॉर्म आ जाएगा। आवेदन फॉर्म में मांगी गई सही जानकारी दर्ज करें। अब आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड कर दें। अब सबमिट बटन पर क्लिक कर दें। इस प्रकार से दयालु योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं।

#### आयु वर्ग अनुसार दिया जाता है लाभ

दयालु योजना के तहत 6 वर्ष से ऊपर और 12 वर्ष तक 1 लाख रुपये, 12 वर्ष से ऊपर और 18 वर्ष तक 2 लाख रुपये, 18 वर्ष से ऊपर और 25 वर्ष तक 3 लाख रुपये, 25 वर्ष से ऊपर और 45 वर्ष तक 5 लाख रुपये और 45 वर्ष से ऊपर और 60 वर्ष तक 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती

#### दयालु स्कीम के लिए दस्तावेज

दयालु योजना के तहत आवेदन करने के लिए आवेदक का आधार कार्ड, मृत्यु की स्थिति में परिवार के अन्य सदस्य का आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र (फैमिली आईडी), मृत्यु की स्थिति में मृत्यु प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र आवश्यक है। योजना के तहत तहत आवेदक को 3 महीने के भीतर आवेदन करना होगा। मृत्यु की स्थिति में आर्थिक मदद परिवार के मुखिया के बैंक खाते में आएगी। विकलांगता की स्थिति में आर्थिक मदद लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाएगी जो फैमिली आईडी में रजिस्टर होगा। परिवार के मुखिया की मृत्यु अथवा दिव्यांग होने की स्थिति में आर्थिक सहायता परिवार के बुजुर्ग सदस्य के खाते में भेजी जाएगी, जिसकी उम्र 60 वर्ष से कम होगी।

#### दयालु योजना की पात्रता

जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम है वह सभी परिवार दयालु योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र हैं। परिवार के किसी भी सदस्य की मृत्यु या फिर दिव्यांग होने की स्थिति से 3 महीने के भीतर आवेदन करना होगा। आवेदक हरियाणा का मूल निवासी होना चाहिए। फैमिली आईडी में आय वेरीफाई होनी चाहिए। 5 वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक की उम्र वाले इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### जमीन विवादः एक और आरोपी को किया काबू

फतेहाबाद। जमीन विवाद के एक मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी को थाना सदर रतिया पुलिस टीम गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान रोहित उर्फ गोरी पुत्र सुखचैन निवासी पिलछिया के रूप में हुई है। पहले इस मामले में 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई सुरेन सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी लोहगढ़, जिला मानसा, पंजाब की शिकायत पर की गई। शिकायत में बताया गया था कि बीराबदी क्षेत्र में जमीन विवाद के चलते शिकायतकर्ता और उसके परिजनों पर जानलेवा हमला किया गया। घटना 16 मार्च की है, जब शिकायतकर्ता परिजनों संग खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान, कई गाडियों से लगभग 25 लोग वहां पहुंचे और हमला कर दिया।

### नप ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

टोहाना। शहर में सडक़ों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को लेकर नगरपरिषद द्वारा वीरवार को एक अभियान चलाया गया। नगरपरिषद की टीम पुलिस प्रशासन के साथ शहर के विभिन्न बाजारों में गई और दुकानदारों को अतिक्रमण न करने के लिए जागरूक किया। अभियान में नगर परिषद अध्यक्ष नरेश बंसल और सचिव मनीष के साथ एएसआई फूल सिंह भी शामिल हुए। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल से प्रधान राजेंद्र ठकराल, संरक्षक रमेश गोयल और वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि बलदेव सैनी ने भी भागीदारी की। पार्षद रोशनलाल, जोनी मेहता और पार्षद प्रतिनिधि नरेश भाटिया, अमित भाटिया भी मौजूद रहे।

### अवैध शराब के साथ आरोपी को दबोचा

फतेहाबाद। अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एएनसी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस ने गांव खुंबर से 30 बोतल अवैध शराब बरामद कर एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान जरनैल सिंह उर्फ जेला पुत्र गुरदीप सिंह निवासी ढाणी मंगल, गांव खुंबर के रूप में हुई है। एएनसी स्टाफ फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम उप निरीक्षक राजिंद्र प्रसाद के नेतृत्व में गश्त पर थी। इसी दौरान बस अड्डा खुंबर पर टीम को सूचना मिली कि जरनैल सिंह उर्फ जेला अपने घर में अवैध रूप से शराब रखकर बेचने का कार्य कर रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी को काबू किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 30 बोतल अवैध शराब बरामद की गई।

### कचरे के गीला-सूखा सेग्रीगेशन में 30 फीसदी हुआ सुधार

# स्वच्छता सर्वेक्षण में फतेहाबाद 1372 से 70वें स्थान पर पहुंचा, प्रदेश में भी चौथे नंबर पर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जहां पिछले साल फतेहाबाद की नेशनल रैंकिंग 1372 थी, वहीं इस बार फतेहाबाद ने लंबी छलांग लगाते हुए 70वें स्थान पर अपना परचम लहराया है। पूरे हरियाणा प्रदेश में फतेहाबाद अब चौथे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पिछली बार यह छठे स्थान पर था। फतेहाबाद में कचरे के गीला-सूखा सेग्रीगेशन में 30 फीसदी सुधार हुआ है। इससे न केवल शहर की साफ-सफाई बेहतर हुई है, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। बता दें कि फतेहाबाद शहर मीडियम सिटीज की कैटेगरी में आता है। इसमें 50 हजार से लेकर तीन लाख की पॉपुलेशन वाले शहर शामिल होते हैं। इसी कैटेगरी में करनाल आता है, जिसको नेशनल रैंक 3 मिली है। फतेहाबाद ने अंबाला, बहादुरगढ़, पंचकुला, भिवानी, जींद जैसे शहरों को पछाड़ दिया है। फतेहाबाद जिले की बात करें तो जिले के शहर रतिया को प्रदेश में 15वीं, जाखल मंडी को 27वीं, भूना को 33वीं रैंक मिली है जबकि टोहाना 51वें नंबर पर रहा है। पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ बीजेपी नेता दुड़ाराम का कहना है कि यह केवल प्रशासन या नगर परिषद की मेहनत नहीं, बल्कि पूरे फतेहाबाद जिले की जनता की जागरूकता और भागीदारी का परिणाम है। दुड़ाराम ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में हरियाणा स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाई छू रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशों, सरकार की योजनाओं और जागरूकता अभियानों का ही परिणाम है कि आज फतेहाबाद पूरे देश में नई पहचान बना रहा है। दुड़ाराम ने फतेहाबाद के सभी अधिकारियों, नगर परिषद के कर्मचारियों, सफाई कर्मियों और आम जनता को दिल से बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सभी के निरंतर परिश्रम, लगन और ईमानदारी का फल है। सभी ने फतेहाबाद को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जो योगदान दिया है, वह सराहनीय है। दुड़ाराम ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में फतेहाबाद अपनी मेहनत और जनता के सहयोग से प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। फतेहाबाद हरियाणा सरकार के स्वच्छ भारत अभियान को पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ाएगा और प्रदेश में एक प्रेरणा बनेगा।


फतेहाबाद। शहर का लाल बत्ती चौक। फोटो :हरिभूमि

#### उपायुक्त ने ऐतिहासिक उपलब्धि पर दी बधाई

उपायुक्त मनदीप कौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के लिए जिला फतेहाबाद को प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त करने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी नागरिकों, अधिकारियों और स्वच्छता से जुड़े कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक और जिम्मेदार हैं। इसके साथ ही फतेहाबाद ने पिछले वर्ष की तुलना में बड़ी छलांग लगाते हुए नेशनल रैंकिंग में 1372 से सीधे 70वें स्थान पर पहुंचकर प्रदेश में अपनी पहचान और मजबूत की है। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व का विषय है, लेकिन हमारी मंजिल यहीं खत्म नहीं होती। अब हमें मिशन मोड में लगकर और अधिक मेहनत से कार्य करना होगा ताकि आने वाले समय में फतेहाबाद जिला प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करे। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव होगा जब हर नागरिक अपने घर, मोहल्ले और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में पूरी जिम्मेदारी से भागीदारी निभाए।


सिरसा। थाना परिसर में धरने पर बैठे मृतक के परिजन।

### संदीप हत्याकांडः आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने सिटी थाना में दिया धरना

डबवाली। साले के प्रेम विवाह प्रकरण में जीजा संदीप की हत्या के मामले में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर वीरवार को परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने के भीतर ही धरने पर बैठ गए। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद मुख्य आरोपी अब तक फरार हैं। मृतक के भाई व अन्य परिजनों ने पुलिस पर ढलाई बरतने का भी आरोप लगाया कहा कि जब तक सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं होते उनका धरना जारी रहेगा। उधर, अधिकारियों ने परिजनों को बताया कि पुलिस ने उक्त मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया है अब एक और आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है।इस प्रकार कुल चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके है। बाकी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ। शहर थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि इस हत्याकांड में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु सीआईए और सिटी थाना पुलिस की टीमें लगातार छापामारी कर रही हैं। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है।

### इग्नू में री-रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 तक बढ़ाई

फतेहाबाद। इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक छात्र-छात्राएं 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। पहले यह अंतिम तिथि 15 जुलाई थी। इसके साथ ही री-रजिस्ट्रेशन की तिथि भी 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। इग्नू स्टडी सेंटर 1031 के समन्वयक डॉ. गुरनाम चंद ने बताया कि इस तिथि तक विद्यार्थी सभी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड और ऑनलाइन मोड में उपलब्ध कोर्सों में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। वेबसाइट के होमपेज पर अप्लाई फॉर ओडीएल प्रोग्राम के लिंक पर क्लिक करें। नामांकन से पहले किसी भी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग या ऑनलाइन कोर्स में प्रवेश के लिए छात्र को अपनी एबीसी आइडी के माध्यम से एक बीईडी-आईडी बनाना जरूरी है। नए खुले पेज पर क्लिक हेर फॉर न्यू रजिट्रेशन पर क्लिक करके अपनी जानकारी दर्ज करें और क्षेत्रीय केंद्र करनाल का कोड-10 डालें। पंजीकरण के बाद लॉगिन करें और आवेदन फॉर्म भरें। उन्होंने बताया कि इग्नू में एससी और एसटी के छात्रों को कुछ पाठ्यक्रमों जैसे बीएएम, बीकॉमएफ और बीएससीएम में प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत छूट मिलती है।

### अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाएगा रेलवे विभागः माधव जैन

सिरसा। रेलवे विभाग द्वारा सिरसा में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ शीघ्र अभियान चलाया जाएगा। डबवाली रोड पर अनेक लोगों ने रेलवे भूमि पर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण किया हुआ है। इस आश्य की जानकारी डबवाली रोड पर श्रीमत सिटी सेंटर का निर्माण कर रही श्रीमत टेक्सवर्थ प्रा. लिमिटेड के डायरेक्टर माधव जैन ने प्रेस विज्ञप्ति में दी। उन्होंने कहा कि रेलवे भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को रेलवे विभाग द्वारा पूर्व में नोटिस भी दिए गए है, जिनमें एक तथाकथित स्वयंभू नेता भी शामिल है, जोकि स्वयं को समाजसेवी भी दर्शाता है, उसके द्वारा नियमों को ताक पर धरकर अवैध तरीके से होटल संचालित किया जा रहा है। माधव जैन ने बताया कि संस्थान द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत रेलवे पार्क को विकसित करने में सहयोग किया जा रहा है। हर नागरिक के लिए यह पार्क उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि डबवाली रोड पर करीब सवा सात एकड़ रेलवे लैंड में श्रीमत सिटी सेंटर द्वारा मल्टी स्टोरी मार्केट बनाई जा रही है। जिसमें 107 बड़े आकार की और 36 छोटे आकार की दुकानें बनाई जा रही है। यहां वाहनों की पार्किंग के लिए बेसमेंट में व्यवस्था की गई है। निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है और लोगों में इस मेगा प्रोजेक्ट को लेकर भारी उत्साह दिखाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही रेलमंत्री का सिरसा आगमन होगा और श्रीमत सिटी सेंटर पर उनका दौरा प्रस्तावित है।



# विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में बच्चों की सुरक्षा और साइबर अपराध के प्रति जागरूकता को प्राथमिकता देते हुए फतेहाबाद पुलिस द्वारा लगातार जनहित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में थाना भट्टूकलां की महिला एएसआई तलविंदर कौर व मुख्य सिपाही शारदा के नेतृत्व में आज गांव ढिंगसरा स्थित राजकीय विद्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने की जानकारी देना और उन्हें यौन शोषण जैसे गंभीर विषयों को समझाना था। महिला पुलिसकर्मियों ने विद्यार्थियों को आसान भाषा में समझाया कि इंटरनेट पर साइबर ठगी, फ्रॉड कॉल, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया हैकिंग आदि से कैसे सतर्क रहना चाहिए। साथ ही यह भी बताया गया कि कोई भी संदिग्ध लिंक या मैसेज मिलने पर वे माता-पिता या शिक्षक से तुरंत साझा करें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को गुड टच और बैड टच की अवधारणा भी विस्तारपूर्वक समझाई गई। छात्राओं को बताया गया कि किसी भी असहज स्थिति में डरने के बजाय, तुरंत भरोसेमंद व्यक्ति को जानकारी देना बेहद जरूरी है। आत्मरक्षा के प्राथमिक उपायों की भी जानकारी दी गई ताकि बच्चे आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा कर सकें। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।


फतेहाबाद। गांव ढिंगसरा में विद्यार्थियों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

### कैशलेस सुविधाओं को 31 जुलाई तक करें ई-केवाईसी

फतेहाबाद। हरियाणा सरकार द्वारा राज्य के सभी कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए व्यापक कैशलेस स्वास्थ्य सुविधाएं योजना शुरू की गई है, जिसके तहत सभी नियमित कर्मचारियों और पेंशनर /पारिवारिक पेंशनरों को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। उपायुक्त मनदीप कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधाओं मुहैया करवाने के लिए यह योजना शुरू की है। उन्होंने बताया कि कोषागार एवं लेखा विभाग, हरियाणा की ओर से जारी पत्र में राज्य सरकार के अधीन सभी नियमित कर्मचारियों और पेंशनर /पारिवारिक पेंशनरों को निर्देश दिए गए है कि वे 31 जुलाई तक तक आयुष्मान भारत मोबाइल एप्लीकेशन पर अपना पंजीकरण अवश्य करा लें।

### पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए पौधारोपण जरूरी : नेहा मित्तल

फतेहाबाद।अग्रोहा विकास ट्रस्ट की जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सामाजिक विकास समिति की राष्ट्रीय महासचिव नेहा मित्तल के नेतृत्व में रानी लक्ष्मी बाई पार्क में पौधारोपण किया गया तथा लोगों को पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। नेहा मित्तल ने बताया कि बढ़ते हुए प्रदूषण से वातावरण को बहुत ज्यादा नुकसान होता है, जिसके लिए हम सब जिम्मेदार हैं। पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि पर्यावरण को बचाने के लिए आमजन की भागीदारी बहुत जरूरी है, जिसके प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने होंगे, ताकि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि बढ़ते हुए प्रदूषण के कारण आज सांस लेने के लिए आक्सीजन की कमी होने लगती है।



### सिरसा में निर्माण से पहले ही टूट गई सडक़

सिरसा। जिला के गांव फग्गू से वाया फत्ताबालु होकर सूरतिया तक निर्माणाधीन 18 फुट चौड़ी सडक़ अभी सूरतिया तक पूरी बनी भी नहीं थी कि बीच रास्ते फग्गू ढाणियों के पास नवनिर्मित ये सडक़ धीरे धीरे गड्ढो में तबदील होना शुरू हो गई है, जबकि आगे सूरतिया के पास निर्माण कार्य अभी अधूरा है। वाहन चालक गुलशन कुमार, रवि कुमार, राजेन्द्र आदि ने बताया कि हरियाणा पंजाब को जोडऩे वाली इस 18 फुट चौड़ी सडक़ निर्माण कार्य पूरा होने पर अनेक गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इस सडक़ को लेकर पिछले लंबे समय से लोग बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे है, हरियाणा पंजाब को जोडऩे वाली सडक़ बनने पर लोगों ने खुशी जताई थी। लेकिन गांव फग्गू में ढाणियों के पास बीच रास्ते सडक़ बनने के बाद ही दो तीन जगह पर गड्ढो में पानी जमा होने पर टुटना शुरू हो गई है। लोगों की मांग है कि समय रहते सडक़ पर बने गड्ढो में तारकोल बजरी, मटेरियल डालकर दोबारा सडक़ को दुरुस्त किया जाए।

### पुलिस ने आदतन अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

फतेहाबाद। फतेहाबाद पुलिस जिले में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण पाने के लिए लगातार सघन अभियान चला रही है। इसी क्रम में भुना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए योगेश कुमार उर्फ बिहारी पुत्र सुभाष निवासी उकलाना, जिला हिसार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### महिला कॉलेज में दाखिले को फिजिकल काउंसलिंग

फतेहाबाद। चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडियाखेड़ा में बीए, बीकॉम, बीएससी फिजिकल साइंस व लाइफ साइंस और बीसीए प्रथम वर्ष में फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से दाखिला प्रक्रिया चल रही है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. लखवीर कौर ने बताया कि दो मेरिट लिस्ट बाद खाली सीटों के लिए अब फिजिकल काउंसलिंग द्वारा दाखिले दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई से पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर फिजिकल काउंसलिंग प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। छात्राएं ऑनलाईन फार्म भरकर दस्तावेजों के साथ कॉलेज में आकर फिजिकल काउंसलिंग में शामिल होकर दाखिला ले सकती है।


# दिव्यांग छात्रों के लिए चिकित्सा मूल्यांकन शिविर 59 दिव्यांग बच्चों का हुआ मेडिकल चेकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के दिशा-निर्देशानुसार समग्र शिक्षा के अंतर्गत आज सामान्य अस्पताल में दिव्यांग छात्रों के लिए जिला स्तरीय चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला परियोजना संयोजक नरेन्द्र कुमार ने किया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार एवं प्राचार्य हरविन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। कैम्प में सहायक परियोजना अधिकारी निहाल सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया व विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में चर्चा की। शिविर के दौरान डॉ. गिरीश, डॉ. गुरविन्द्र कौर, डॉ. हिमांशी, डॉ. राकेश, डॉ. कमलेश सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग एवं रोडवेज विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी भी इस कैम्प में लगाई गई है। इस मौके पर अतिथियों ने कैम्प में चल रही गतिविधियों का मुआयना किया व कर्मचारियों के कार्यो की सराहना की। जिला परियोजना संयोजक नरेन्द्र कुमार ने विशेष क्षमता वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वप्रथम माता-पिता, उसके पश्चात अध्यापक को इन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों पर विशेष ध्यान की आवश्यकता होती है। इनको किसी भी प्रकार की हीन भावना से बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन्हें समाज की मुख्य धारा से जोडऩा चाहिए।


फतेहाबाद। बच्चों का रजिस्ट्रेशन करवाते उनके अभिभावक।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
भारत के तेजी से बढ़ते हिन्दी समाचार-पत्र हरिभूमि को सिरसा, फतेहाबाद जिले में डोर-टू-डोर मार्केटिंग के लिए उत्साही, योग्य व आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जो मीडिया के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं

आयु : 18 से 30 वर्ष तक
योग्यता : 10+2 या इससे अधिक
वेतन : योग्यतानुसार (वेतन बुकिंग अनुसार)
मिलने का समय : प्रातः 11.00 से सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस को)
अपना बायोडाटा मोबाइल नं. 9253681005 पर व्हट्सअप करें या hbcircurtk@gmail.com मेल करें।
सम्पर्क करें :- हरिभूमि कार्यालय
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8814999173, 9253681005